# ग्राम पंचायत बनने से गांवों में विकास की राह आसान होती है : भंवर सिंह भाटी




ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ( दाएं से दूसरे ) ने कोलायत की ग्राम पंचायत खरिया मल्लिनाथ के नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का उद्घाटन किया।

- **ऊर्जा मंत्री ने पंचायत समिति कोलायत की ग्राम पंचायत खरिया मल्लिनाथ के नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का उद्घाटन किया**

**बीकानेर,** (कासं)। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कोलायत पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खारिया मल्लिनाथ के नवनिर्मित भवन का शुक्रवार को लोकार्पण किया। इस भवन के निर्माण पर 35 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने छोटी-छोटी ग्राम पंचायतें बनाकर उनके विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। इस ग्राम पंचायत भवन में गांव के विकास के निर्णय लिए जायेंगे। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत बनने से विकास की राह आसान होती है। उसका अपना पटवार मंडल होने के साथ ही इस मिनी सचिवालय में अन्य विभाग के अधिकारी बैठकर गांव की विकास की इबारत लिखेंगे।

ऊर्जा मंत्री ने खारिया मल्लिनाथ को ग्राम पंचायत बनाने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार प्रकट किया और कहा कि खारिया मल्लिनाथ, खारिया बास, थामोली, सीगड़ों की ढाणी, कृष्ण नगर, राजीव नगर, मूल रूप से तो बास ही है थे और मल्लिनाथ के गांव। इनकी जनसंख्या कम थी, इसलिए यह ग्राम पंचायत नहीं बन पा रही थी। इसके बावजूद मुख्यमंत्री ने इसे ग्राम पंचायत बनाने की हमारी मांग को पूरा किया है। हम सबके लिए खुशी की बात है कि खारिया मल्लिनाथ नई ग्राम पंचायत बनी। उन्होंने कहा कि किसी भी गांव के लिए इससे बड़ी बात नहीं होती कि वह ग्राम पंचायत बने। यह ग्राम पंचायत मल्लिनाथ और बास के बीच में बनी है। सभी के लिए सुविधाजनक है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि राजस्थान में उच्च शिक्षा, सामान्य शिक्षा और तकनीकी शिक्षा का विस्तार किया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने पिछले कार्यकाल में मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा व नि:शुल्क जांच योजना शुरू कर जनता को बड़ी राहत दी। अब मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 25 लाख रुपये तक के उपचार की जिम्मेदारी राज्य सरकार ने ली है। दुर्घटना बीमा की राशि बढ़ाकर 10 लाख रूपये कर दी है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि प्रत्येक व्यक्ति को महंगाई से राहत मिले। इसे ध्यान रखते हुए गांव-गांव में प्रशासन गांवों के संग अभियान के साथ महंगाई राहत के स्थाई एवं अस्थाई कैम्प लगाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति इन शिविरों में जाए तथा पात्रता के अनुसार अधिकतम योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि देशभर में पहली बार ऐसे शिविर आयोजित हो रहे हैं, जिनसे प्रत्येक परिवार को लाभ मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा और दुर्घटना बीमा, इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर अनुदान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा फूड किट सहित अन्य योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर उप प्रधान रेवंत राम संवाल, झंवर लाल सेठिया, सरपंच खिंदासर रतिराम, किशन सिंह भाटी मियांकौर, घेवर सिंह, डॉ. रामनिवास, पंचायत समिति सदस्य मीरा देवी, जिला परिषद सदस्य दशरथ सिंह, भीखाराम, ओमप्रकाश सेन, टोकला सरपंच मनफूल, हरचंद सीगड़, पूर्व सरपंच भाणेका गांव पाबूराम अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

**कल्ला 30 को आयेंगे :** शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला सोमवार रात्रि 9.35 बजे जयपुर से रेल मार्ग से प्रस्थान कर मंगलवार प्रात: 4.10 बजे बीकानेर पहुंचेंगे। शिक्षा मंत्री 30 मई से 1 जून तक स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद 1 जून को रात्रि 11.20 बजे रेल मार्ग से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वहीं शिल्प एवं माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष डूंगरराम गेदर ने शुक्रवार को सूरतगढ़ क्षेत्र के पीपल चौक स्थित वार्ड नम्बर 32 एवं 33, फरीदसर और 7 जीबी में आयोजित महंगाई राहत कैम्प का अवलोकन किया।

## तेज बारिश के साथ ओले गिरे

**अनूपगढ़,** (कासं)। यहां मौसम ने करवट बदली और आसमान में घने बादल छा गए। देखते ही देखते शाम बजे तेज बरसात शुरू हो गई। इस दौरान चने के आकार के ओले भी गिरे।

क्षेत्र में तेज बरसात शाम 7:15 बजे तक चली। तेज बरसात और ओलावृष्टि होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों ने इस समय अपने खेत में नरमा और कपास की फसल की बिजान की हुई है। बरसात और ओलावृष्टि से हुई फसल खराब होने की संभावना बन गई है। तेज बरसात होने के कारण अनूपगढ़ क्षेत्र की कई गलियों में बरसात का पानी जमा हो गया जिससे यातायात भी बाधित हुआ।

शाम हुई बारिश के कारण शहर के बाजार और गलियों में पानी भर गया। मुख्य बाजार में द्वारकानाथ बेकरी से लेकर गर्ल्स स्कूल के इलाके तक सड़कें पानी से भर गई। वहीं गीता चौक से पुलिस थाना रोड पर भी पानी जमा हो गया। इसके अलावा विश्वकर्मा मंदिर रोड पर भी भारी मात्रा में बरसात का पानी एकत्रित हो गया।

बीकानेर रोड़ पर तहसील कार्यालय वाली रोड पर गणेश मंदिर तक सड़क के दोनों ओर बरसात का पानी भर गया। इस रोड़ पर दुकानों के आगे पानी भर जाने से दुकानदारों को भी परेशान होना पड़ रहा है।

इसी दौरान कुछ घरों में भी बरसात का पानी घुस गया। इधर धान मंडी में खुले में पड़ा गेहूं और सरसों की फसल भी इस बरसात से खराब होने की संभावना है। लगभग 45 मिनट तक चली इस भारी बारिश ने गर्मी के असर को काफी हद तक कम किया है।

## सार-समाचार

### 108 कुंडीय महायज्ञ का भूमि पूजन




महामंडलेश्वर सरजूदास महाराज ने 108 कुंडीय महायज्ञ का भूमि पूजन, ध्वजारोहण कार्यक्रम के बैनर का विमोचन किया।

**बीकानेर,**(कासं)। बीकानेर की पावन धरा पर तुलसी पीठाधीश्वर, पद्मविभूषित जगदगुरु श्रीरामभद्राचार्य महाराज का आगमन होने जा रहा है। परम पूज्य गुरू महाराज श्रीरामदास महाराज के सानिध्य में एवं महामंडलेश्वर श्री सरजूदास महाराज की अगुवाई में 19 नवम्बर से 27 नवम्बर तक 108 कुंडीय महायज्ञ, रामचरित मानस महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन किया जायेगा। जगदगुरू रामभद्राचार्य के श्रीमुख से श्रीराम कथा का वाचन होगा। इस संबंध में शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित वृंदावन होटल में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए महामंडलेश्वर सरजूदास महाराज ने बताया कि उक्त सभी आयोजन सुजानदेसर स्थित रामझरोखा कैलाशधाम की सियाराम गौशाला में होंगे। उक्त आयोजनों से पूर्व 29 मई , सोमवार को सुबह 11:15 बजे ध्वजारोहण, भूमि पूजन एवं रात्रि में विराट भजन संध्या का आयोजन होगा। संत प्रकाशदास महाराज एवं नवदीप बीकानेरी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। इसमें मुख्य रूप से खेड़ापति धाम, सामोद के अखिल भारतीय महामंडलेश्वर 108 श्री महंत प्रेमदास महाराज, खोजी द्वारा जारी अनंत विभूषित त्रिवेशी धाम शाहपुरा के स्वामी श्रीराम रिछपाल महाराज, दाऊधाम राजस्थान से अनंत विभूषित जगदगुरू बाहुबल द्वाराचार्य पीठधीश्वर बलदेवाचार्य महाराज, रैवासा धाम से अग्रपीठाधीश्वर स्वामी राघवाचार्य वेदान्ती सहित अनेक साधु-संतों का सानिध्य मिलेगा।

### तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का समाजसेवी अनिल सोनी ( बीच में ) ने शुभारंभ किया।

**बीकानेर,** (कासं)। द्रोणाचार्य तीरंदाजी संस्थान द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अनिल सोनी झूमरसा, सुमित कोचर, जयदीप सिंह जावा ने तीर चलाकर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अनिल सोनी व सुमित कोचर ने हरसंभव शिविर में सहायता की बात कही। वहीं कोचर ने शिविर के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों एवं कैम्प में अव्वल रहने वाले खिलाड़ियों का सम्मान करने की बात कही। संस्था के अध्यक्ष एवं प्रशिक्षक गणेश लाल व्यास ने खिलाड़ियों को सुबह 6 से 10 तक योग व खेल और शाम 4 से 7 बजे तक तीरंदाजी की बारीकियां सिखाई जायेगी। कैम्प संयोजक भुवनेश्वर ओझा व मिथुन चावरिया, दिनेश भाटी ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक अनिल चांगरा, अजय कुमार ठोलिया ने खिलाड़ियों को ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का महत्व बताया।

### नालों की सफाई का जायजा लिया



गंगानगर एडीएम सतर्कता उम्मेद सिंह रतनू ( टोपी में ) ने नालों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेद सिंह रतनू ने शुक्रवार को शहरी क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी के लिए नालों और 5 बड़े गड्ढे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मानसून के मद्देनजर बरसाती पानी की निकासी, निम्न क्षेत्रों में पानी भराव की समस्या को दूर करने के साथ-साथ नगर परिषद प्रशासन को नालों की समुचित सफाई और डिसिल्टिंग के निर्देश दिए। रतनू ने बताया कि बरसात की संभावना के मद्देनजर शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आज नालों-नालियों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। शहर के सभी नालों और नालियों की डिसिल्टिंग के साथ ही 5 बड़े गड्ढों में सफाई करवाने के लिए नगर परिषद प्रशासन का निर्देश दिए।

# आंधी-तूफान से बिजली के पोल व पेड़ गिरे

- **गांव सिंजगुरु, मोरखाना, सुरपुरा और पांचू क्षेत्र समेत कई गांवों में बारिश से जलभराव के हालात**

**नोखा,**(कासं)। नोखा कस्बे समेत ग्रामीण अंचल में देर रात को आये आंधी तूफान से भारी नुकसान हुआ। रात होते वापस बादल घिर आये और रात करीब 8 बजे पूरे क्षेत्र में तूफानी हवाओं के साथ बारिश हुई।

तेज तूफान के कारण कई जगहों पर पेड़ और बिजली खंभे टूट गए। बेमौसम बारिश से उगमपुरा, जोरावरपुरा, मोहनपुरा व कानपुरा बस्ती में पानी भर गया। अनेक निचली गलियां भी पानी से लबालब हो गई। बिजली गुल होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के बाद नोखा शहर समेत गांवों में भी जलभराव की स्थिति हो गई है। गांव सिंजगुरु, मोरखाना, सुरपुरा और पांचू क्षेत्र समेत कई गांवों में जलभराव के हालात हो गये। वहीं शहर में भी कई निचले इलाकों में पानी भर गया है।

सिंजगुरु के अख्तर अली ने बताया कि सिंजगुरु से मोरखाना रोड़ पर रोड़ के बीच मे 3 बिजली के पोल गिर गए। जिससे रोड पूरी तरह से बंद है। सिंजगुरु से किरतासार जाने वाली कच्ची रोड पर 5 पेड़ गिरे होने रास्ता बंद है। गांव के ट्यूबवैल पर भी भारी नुकसान हुआ है। पूरे गांव में 12 डीपी गिरने की सूचना है।

सुरपुरा गांव में तूफान से काफी नुकसान हुआ है। गांव के कैलाश जाट ने बताया कि सुरपुरा गांव किसान संजय जाट की एक रहवासी ढाणी तूफान के चपेट में आ गया। आंधी तूफान के कारण लोहे के टीनशेड के साथ झोंपडी उड़ गई। ढाणी में रखा अनाज और घरेलू सामान भीग गया। पांचू में ओलों के साथ तूफानी बारिश हुई। जिससे 50 से अधिक बिजली के पोल टूट गए। दर्जनों पेड़ धराशायी हो गए।

नोखा विधायक बिहारी लाल विश्नोई ने विद्युत विभाग के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर राजेन्द्र मीणा व जिला कलेक्टर बीकानेर से फोन पर बात करके बिजली व्यवस्था को तुरंत सुचारु करने हेतु विद्युत विभाग के समस्त अधिकारियों को महंगाई राहत कैम्पों से छूट देने की मांग की तथा विद्युत विभाग के जिले के अधिकारियों को जरूरत का सामान तुरंत उपलब्ध करवाने की बात की। जहां पर विद्युत पोल गिरे हुए हैं डीपी गिरी हुई है और जहां कहीं भी पावर ट्रांसफार्मर जल गए हैं। उन सबको तुरंत बदला जा सके। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम उपभोक्ता की शिकायत को निस्तारित करें।

## दुष्कर्मी को 10 साल की सजा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने और दुष्कर्म के जुर्म में न्यायालय ने एक व्यक्ति को 10 वर्ष कठोर कारावास से दंडित किया है। ये निर्णय विशेष पोक्सो न्यायालय संख्या-2 ने सुनाया।

न्यायालय ने दोषी राजप्रीत सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी गुरु की ढाणी, 13 एफ बड़ा को 61 हजार रुपये जुर्माने से भी दंडित किया है। अक्टूबर 2018 में पुलिस थाना सूरतगढ़ सदर में एक व्यक्ति ने निशानसिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी 3 अक्टूबर 2018 को श्रीगंगानगर गई थी, वापस नहीं आई। उसे निशान सिंह बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने राजप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि आरोपी लड़की को पंजाब के पातड़ा ले गया। लड़की से दुष्कर्म करना भी सामने आया। न्यायालय ने दोषी राजप्रीत सिंह को धारा 363 में 5 वर्ष कठोर कारावास, 5 हजार रुपए जुर्माना, धारा 366 में 5 वर्ष कठोर कारावास, 5 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई।

# मंदिर की छत गिरने से बच्ची की मौत

- **लूणकरनसर के सहनीवाला में पांच साल की नंदिनी मंदिर में धोक लगाने गई थी**
- **तभी अचानक मंदिर की छत गिर गई, बच्ची छत के नीचे दबी रही**

**बीकानेर,**(कासं)। लूणकरनसर में एक मंदिर की छत गिरने से पांच वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई।

लूणकरनसर के सहनीवाला में हुई ये घटना शुक्रवार दोपहर की है। पुलिस मौके पर पहुंच गई और बच्ची का शव अस्पताल पहुंचाया गया है। लूणकरनसर के सहनीवाला में शुक्रवार सुबह 11 बजे के बाद पांच साल की नंदिनी मंदिर में धोक लगाने गई थी। तभी अचानक मंदिर की छत गिर गई। नंदिनी के चोट भी आई और वो छत के नीचे दबी रही। काफी देर तक दबे रहने व बाहर नहीं निकलने के कारण भी उसका दम घुट गया। जब तक उसे बाहर निकाला गया, तब तक उसने दम तोड़ दिया था।

नंदिनी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब उसका पोस्टमार्टम किया जा रहा है। पांच वर्षीय नंदिनी 3 बहनों में सब से बड़ी बहन थी। घटना के समय घर में सभी काम में लगे हुए थे। सभी अपने काम में जुटे थे तभी गिरने की आवाज आई। एक दम से धमाके की आवाज आई तो घर के अंदर बैठे लोग बाहर भाग कर आये। मलबे के नीचे देखा तो नंदिनी की चप्पल पूजा घर के आगे मिली। तब लगा कि वो मलबे में दबी हुई है। जैसे-तैसे आसपास के लोगों ने मलबा बाहर निकाला, तो वो घायल अवस्था में मिली। डॉक्टर्स ने बताया कि पहले ही मौत हो चुकी है।

# हत्या के प्रयास में दो आरोपी गिरफ्तार

- **आपसी मनमुटाव के चलते अपने भाई पर जानलेवा हमला कर मारपीट की थी**

**नोखा,** (कासं)। हत्या के प्रयास के मामले में दो व्यक्तियों को नोखा पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों ने आपसी मनमुटाव के चलते अपने भाई पर जानलेवा हमला कर मारपीट की थी।

थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि जैसलसर निवासी रेवंत राम जाट ने 20 मई को मुकदमा दर्ज करवाया कि 19 मई को वो उसके गांव में सरकारी स्कूल के पास उसकी निर्माणाधीन दुकान पर बाइक लेकर गया। इस दौरान उसका भाई प्रभुराम व परमाराम आये व उसको रास्ते में रोका लिया। वो गांव के भंवर सिंह की दुकान तक पहुंचा।

उसके भाई प्रभुराम व परमाराम पीछे भागते हुए आये व दोनों ने एक राय होकर मुझे मारने की नीयत से रास्ता रोककर जान से मारने की नीयत से लोहे के पाइप से चोट मारी व कुल्हाड़ी का वार किया। मौका पर काफी लोग थे जिन्होंने उसे छुड़ाया।

दोनों ने उसकी बाइक तोड़ दी व थैले में से 7500 रुपये ले गए। जिस पर पुलिस ने थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। आरोपी घटना के बाद से ही अपने निवास स्थान से गायब थे। जिनकी पुलिस टीमों द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी। मामले में जैसलसर निवासी परमाराम जाट व प्रभुराम जाट को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में वाटर कूलर भेंट

**हनुमानगढ़,** (कासं)। कैनाल कॉलोनी जंक्शन स्थित महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में एक दानदाता ने वाटर कूलर भेंट किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कमला शर्मा उनके पुत्र नरेश कुमार शर्मा एवं पौत्र पंकज व दीपक ने स्व. नारायण शर्मा की स्मृति में विद्यालय को वाटर कूलर उपहार में दिया। उन्होंने वॉटर प्यूरीफायर भी लगवाने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय में नवनिर्मित 8 कमरों और एक कक्षा 12वीं का शुभारंभ भी होगा। नवनिर्मित पुरुष एवं महिला शौचालयों का भी औपचारिक उद्घाटन किया जायेगा। विद्यालय में रंग रोगन का कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर प्रेरक सूर्यप्रकाश जोशी, देवेन्द्र कुमार ओझा , विजय कुमार कुलहरी और विनोद कुमार मीणा उपस्थित थे।

# पानी से लबालब अंडरब्रिज में सवारियों से भरी रोडवेज बस फंसी


- **अमरपुरा से बीकानेर जाने वाली रोडवेज बस अंडरब्रिज में भरे चार फीट पानी में फंस गई**
- **सूचना पर एस.डी.एम. ने क्रेन मंगवाकर सवारियों से भरी बस को बाहर निकलवाया**

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर आगार की बस के चालक ने भारी लापरवाही करते हुए कई सवारियों की जान खतरे में डाल दी। पानी से लबालब अंडरब्रिज में सवारियों से भरी रोडवेज बस फंस गई। जिसे क्रेन से बाहर निकालना पड़ा।

बस चालक ने पानी से लबालब भरे अंडरब्रिज में बस डाल दी, जो आगे जाकर रूक गई। अगर बारिश बारिश का पानी यहां पहुंचता रहता तो खतरा हो सकता था। स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से इनकी जिंदगी बचाई जा सकी। अमरपुरा से बीकानेर जाने वाली रोडवेज बस सुबह यहां से निकल रही थी। रोड अंडरब्रिज में पानी भरा हुआ था। करीब चार से पांच फीट पानी था। चालक ने लापरवाही करते हुए इतने पानी में बस को डाल दिया। उसे उम्मीद थी कि बस निकल जायेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अंडरब्रिज के ठीक नीचे जाकर बस फंस गई और बंद भी हो गई।

लाख कोशिश करने के बाद भी बस स्टार्ट नहीं हुई। ऐसे में स्थानीय लोगों ने बस चालक व कंडक्टर के साथ ही सवारियों को अंदर ही रहने की सलाह दी। एसडीएम को फोन किया गया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर क्रेन मंगवाई। इस क्रेन से बस को जोड़कर बाहर निकाला गया। बाद में एसडीएम ने वहीं पर चालक को जमकर डांट लगाई। चालक ने भी अपनी गलती स्वीकार कर ली। बारिश बंद हो चुकी थी लेकिन अगर चलती बारिश के बीच चालक ऐसा करता तो बड़ा हादसा हो सकता था। दरअसल इस अंडरब्रिज में ज्यादा पानी आता है। ऐसे में सवारियों को निकालना मुश्किल हो जाता। रोडवेज भी ऐसी स्थिति में गाड़ी नहीं चलाने की सलाह देता है। लेकिन चालक जल्दबाजी के चक्कर में रिस्क लेते हैं जो खतरनाक साबित होती है।

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए हर कार्यालय में नियुक्त होगा नोडल अधिकारी



बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ( दाएं ) ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर अधिकारियों की बैठक ली।

- **कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने ये निर्देश दिए**

**बीकानेर,** (कासं)। डेंगू, मलेरिया सहित विभिन्न मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए जिले के सभी कार्यालयों में एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जायेगा।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के संबंध में गठित अंतर विभागीय समन्वय समिति की शुक्रवार को आयोजित बैठक में ये निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी कार्यालय अध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके संस्थान व संस्थान परिसर में रखे कूलर, गमले, परिंडे, मटके व टंकियां आदि की प्रत्येक सोमवार को सफाई हो।

उन्होंने कहा कि मानसून से पहले एक विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के लिए अंतर विभागीय समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग घर-घर सर्वे तथा एंटोंमोलॉजिकल सर्वे के साथ-साथ एंटी लार्वल और एंटी एडल्ट गतिविधियां करें। साथ ही महंगाई राहत शिविरों में लार्वा प्रदर्शन के माध्यम से भी आमजन को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाए। जिला कलेक्टर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग आंगनबाडी केन्द्रों आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार गतिविधियां करवाएं। स्कूलें खुलने के बाइ विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में इस संबंध में जागरूक किया जाए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि मानसून से पहले मौसमी बीमारियों की रोकथाम के संबंध में जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के लिए पर्याप्त समय है। इसका उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि आमजन को सोर्स रिडक्शन, एंटी लार्वल और एंटी एडल्ट गतिविधियों के बारे में जानकारी मिल सके। जिला कलेक्टर ने जिले के समस्त औद्योगिक परिसरों में भी आईईसी व अन्य एक्टिविटीज के निर्देश दिए।

# बुधवाली ने किया महंगाई राहत शिविरों का अवलोकन




बीकानेर में वक्फ बोर्ड अध्यक्ष खानूखान बुधवाली ने महंगाई राहत शिविर में लाभार्थियों को गारंटी कार्ड वितरित किए।

**बीकानेर,** (कासं)। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष खानूखान बुधवाली ने शुक्रवार को महंगाई राहत शिविरों और प्रशासन गांवों तथा शहरों के संग अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि आमजन आज महंगाई की मार से परेशान हैं। इन शिविरों के माध्यम से पात्रता के अनुसार 10 योजनाओं का लाभ पहुंचाते हुए राहत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए परिवार का कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन करवा, गारंटी कार्ड प्राप्त कर सकता हैं।

वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की और प्रशासनिक अधिकारियों से संवेदनशीलता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने रानी बाजार स्थित स्वर्णकार भवन, शिव बस्ती स्थित सामुदायिक भवन, पीबीएम, कोठी नंबर 34 वैक्सीनेशन सेंटर, सींथल एवं नापासर के शिविरों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा लाभार्थियों को गारंटी कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर डॉ. मिर्जा हैदर बेग, एडवोकेट गणेशदान बिट्ठू, उपखंड अधिकारी अशोक कुमार बिश्नोई तथा अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शहजाद अहमद, विकास अधिकारी दिनेश मिश्रा मौजूद थे। शनिवार को नगर पालिका श्रीडूंगरगढ़ वार्ड नं. 20 एवं 21 का शिविर राजकीय डागा छात्र उच्च प्राथमिक विद्यालय में लगेगा।